(4) (ख) सभी जगह

* **लघु उत्तरीय प्रश्न** (Short Answer Type Questions)

**पढ़िए, सोचिए और लिखिए–**

(1) स्वच्छ जल की कमी से भावी पीढ़ी को जूझना पड़ सकता है।

(2) धरती पर एक प्रतिशत पेय जल है।

(3) भूमि अपवाह, जलनिकास, रिसाव, मल, वायुमंडलीय निक्षेप, वर्षा औद्योगिक अपशिष्ट इत्यादि जल को प्रदूषित करने वाले स्रोत हैं।

(4) जल बचाने की सबसे प्रभावी तकनीक मीटर लगाना है। इसके अलावा लोगों में जागरूकता भी फैलाई जा सकती है।

* **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (Long Answer Type Questions)

**पढ़िए, सोचिए और लिखिए–**

(1) औद्योगिक गतिविधियों के कारण ज़मीन के नीचे का स्वच्छ जल गंदा एवं प्रदूषित हो चुका है। साधारण नल का जल खासकर वे जो सार्वजनिक स्थानों पर मिलते हैं, अधिकतर स्वच्छ नहीं होते हैं। इसलिए मिनरल वॉटर की माँग बढ़ती जा रही है।

(2) भूमि अपवाह, रिसाव, वायुमंडलीय निक्षेप, औद्योगिक अपशिष्ट आदि भूमिगत जल को प्रदूषित करने वाले स्रोत हैं। कृषि भूमि में अत्यधिक मात्रा में उर्वरकों, कीटनाशकों एवं खरपतवार नाशकों के इस्तेमाल के अलावा, आवासीय क्षेत्रों से कपड़े धोने का पाउडर, साबुन इत्यादि जल को प्रदूषित करनेवाले अन्य स्रोत हैं।

(3) टॉयलेट के लिए बारिश के जल का उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा अशुद्ध जल जेसे कि समुद्री जल या बिना साफ़ किए हुए जल का इस्तेमाल टॉयलेट के लिए करना चाहिए क्योंकि ऐसा करके हम पेय जल को अधिक मात्रा में बचा सकते हैं।

(4) हरित खाद का प्रयोग, फसल के अवशेष का पुनर्चक्रण, पलवार, पशु खाद इत्यादि का खेत में इस्तेमाल के द्वारा मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा को बढ़ाता है। इससे मिट्टी में जल धारण करने की क्षमता बढ़ती है।

(5) जल-संरक्षण के लिए हम लोगों में जागरूकता फैलाएँगे। इस क्षेत्र के विशेषज्ञ को बुलाकर एक बैठक का आयोजन करवाएँगे। इस संदर्भ में शंकाओं

REDMI 13C 5G 03/07/2025 15:25

# 3 – जल संरक्षण

**पाठ का सारांश-**

प्रस्तुत पाठ में जल के महत्व को बताया गया है। प्रदूषण का सर्वाधिक असर जल पर ड़ा है। औद्योगिक गतिविधियों के कारण ज़मीन के अंदर का स्वच्छ जल भी गंदा हो रहा । धरती पर जो जल मौजूद है उसका बहुत कम भाग पीने योग्य है। इसलिए पीने योग्य जल ा संरक्षण बहुत ज़रूरी है। भूमि अपवाह, जल-निकास, रिसाव, मल, वायुमंडलीय निक्षेप, र्षण, औद्योगिक अपशिष्ट आदि भूमिगत जल को प्रभावित करते हैं। हम साधारण उपाय वारा भी रोजाना कई लीटर जल बचा सकते हैं। जैसे- कम बहाव वाले बाथरूम शावर का योग और फ्लशयुक्त शौचालय का प्रयोग करना। इसके अलावा छोटे-छोटे कार्य करते मय नल को बंद रखना। प्रयोग किए गए जल का दुबारा इस्तेमाल करना चाहिए। प्रत्येक क्षेत्र जल का पुनर्चक्रण करना आवश्यक है। कृषि के क्षेत्र में भी ओवरहेड इरीगेशन द्वारा जल ो बर्बादी रोक सकते हैं। जागरूकता फैलाकर भी जल के दुरुपयोग पर लगाम लगाई जा कती है। जल बचाने की तकनीक समाज, समुदायों, व्यापार, गाँव मे रहने वालों के बीच त्साहित किया जाना चाहिए। स्वच्छ जल की कमी सिर्फ़ किसी एक देश की समस्या नहीं । इसलिए इसे वैश्विक स्तर पर भी हल करने की ज़रूरत है।

## अभ्यास



**मौखिक प्रश्न** (Oral Expression)

**सोचिए और बताइए–**

(1) धरती पर 97% समुद्र का जल है अर्थात यह खारा जल है जो उपभोग के लिए अयोग्य है।

(2) आबादी की बढ़ती हुई दर, वनों की कटाई एवं तेज़ी से हो रहे शहरीकरण के कारण स्वच्छ जल की माँग बढ़ती जा रही है।

(3) हाथ धोते समय, दाँत साफ़ करते समय, चेहरा धोते समय या बर्तन धोते समय हम नल बंद रख सकते हैं।

(4) सिंचाई कार्य में 70% स्वच्छ जल खर्च हो जाता है।

* **बहुविकल्पीय प्रश्न** (Multiple Choice Questions)

**उचित विकल्प के सामने (✓) का निशान लगाइए–**

(1) (ग) मित्र (2) (क) 97 (3) (घ) कम सिंचाई वाली फसलों को बढ़ावा

EDMI 13C 5G 03/07/2025 15:

का समाधान भी किया जाएगा। इसके अलावा हम स्वयं के घर में अनावश्यक जल का उपयोग नहीं करेंगे। पेड़-पौधों, कार धोने के लिए एवं टॉयलेट में उपयोग के लिए भूमिगत जल अथवा अशुद्ध जल का प्रयोग करेंगे।

**सही कथन के सामने ( ✓ ) का और गलत कथन के सामने ( ✗ ) का निशान लगाइए-**

(1) ✗ (2) ✓ (3) ✓ (4) ✓

**अवतरण पर आधारित प्रश्न** (Questions Based On Extract)

(1) समाज, समुदायों, व्यापार वर्गों सहित गाँव में रहने वाले लोग जल का बेहिसाब इस्तेमाल करते हैं।

(2) जल संरक्षण का प्रशिक्षण किसानों, बच्चों एवं महिलाओं को देना चाहिए।

(3) स्वच्छ जल की कमी वैश्विक समस्या है।

(4) **वाक्य बनाइए-** व्यापार - पानी की कमी ने पानी के व्यापार को जन्म दिया।

कुशल - मेरी माँ पानी बचाने में कुशल है।

समस्या - पूरी दुनिया में पेय जल की समस्या है।

जागरूकता - पानी बचाने की जागरूकता फैलाना हमारा धर्म है।

## भाषा की बगिया

**1. निम्नलिखित शब्दों में अनुनासिक / अनुस्वार लगाइए-**

(क) संरक्षण (ख) लंबी (ग) प्रतिबंध (घ) कहाँ (ङ) गाँव

(च) नियंत्रक (छ) अंग्रेज़ी (ज) संग्रहण (झ) आँख (ञ) बंद

**2. निम्नलिखित उर्दू शब्दों के हिंदी रूप लिखिए-**

(क) एकदम (ख) स्मृति (ग) वायु (घ) अन्यथा

**3. निम्नलिखित शब्दों से मूलशब्द एवं प्रत्यय अलग-अलग कीजिए-**

(क) प्रदूषित - प्रदूषण + इत (ख) पारंपरिक - परंपरा + इक

(ग) मानसिक - मानस + इक (घ) निर्भीकता - निर्भीक + ता

(ङ) प्रकाशित - प्रकाश + इत (च) औद्योगिक - उद्योग + इक

**4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

(क) मीठा (ख) ज्ञात (ग) छोटी (घ) असमर्थ (ङ) अनिवार्य (च) अस्वच्छ

**5. निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए-**

(क) वह (ख) वे (ग) उनका (घ) उन्हें